**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 23.05.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **अंता सीट से भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा की विधानसभा सदस्यता रद्द–महाधिवक्ता की रिपोर्ट के बाद ये निर्णय लिया गया।**
- **प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप–16 ज़िले हीटवेव की चपेट में।**
- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की भूमिका की सराहना की।**
- **खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए सहायता के मानदण्डों में संशोधन किया।**

0000

भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। श्री मीणा बारां की अंता सीट से विधायक थे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मीणा के मनोहरथाना कोर्ट में सरेंडर के बाद यह कार्यवाही की। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस बारे में आज अधिसूचना जारी की गई। गौरतलब है कि साल 2005 में सरपंच के चुनाव के दौरान तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी को धमकाने और पिस्टल दिखाने के मामले में विधायक मीणा पर मुकदमा चल रह था। जिसमें अदालत ने उन्हें 3 वर्ष के सजा सुनाई थी। मीना ने सुप्रीम कोर्ट में अपील खारिज होने के बाद मनोहर थाना में सरेंडर कर दिया था। वे अंता विधानसभा क्षेत्र में कोंग्रेस नेता प्रमोद जैन भाया को हराकर विधायक बने थे। श्री मीणा मनोहरथाना से भी विधायक रह चुके हैं। श्री मीणा की विधानसभा सदस्यता निरस्त होने के बाद अब बारां जिले की अंता सीट खाली हो गई है। राज्य विधानसभा में अब 199 सदस्य रह गये हैं। मीडिया से बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाधिवक्ता की रिपोर्ट प्राप्त होते ही ये निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर सुबह 11 बजे प्रसारित होगा।

000

राज्य में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बना हुआ है। हनुमानगढ़, बाड़मेर, पाली, करौली, चूरू में गर्म हवा के थपेड़ों से लोग दिनभर परेशान रहे। श्रीगंगानगर में आज भी लू और प्रचण्ड गर्मी से लोग बेहाल रहे। कल अधिकतम तापमान 47 डिग्री के पार मापा गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि झुलसाने वाली गर्मी के कारण दिन में सड़कों पर आवाजाही काफी कम है।

....................

16 जिले प्रचण्ड गर्मी और हीटवेव की चपेट में रहे। बीते चौबीस घंटों में सात शहरों बीकानेर, चूरू, जैसलमेर, पिलानी, वनस्थली, फलौदी में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर मापा गया।
हालांकि भीलवाड़ा, चित्तौडगढ, कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़ जिलों में आंधी और हल्की बारिश हुई। भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में अगले तीन–चार दिनों में दोपहर बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं जयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य में रामजल सेतु लिंक परियोजना के कामों को गति देने के लिए वन विभाग को भूमि आवंटन की मंजूरी दी है। वन भूमि प्रत्यावर्तन के तहत बारां और अलवर जिलों में एक हजार 102 हैक्टेयर से अधिक भूमि आवंटित करने की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के तहत बनाये जा रहे रामगढ और महलपुर बैराज तथा नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना में बैराज निर्माण से प्रभावित वन भूमि के प्रत्यावर्तन के लिए भूमि आवंटन के प्रस्तावों का भी अनुमोदन किया है। इस निर्णय के अनुसार बारां जिले के किशनगंज, छबड़ा, छीपाबडौद और अलवर जिले में गैर वन भूमि वन विभाग को निःशुल्क आवंटित की जा रही है।

000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है। आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा कर रही है। श्री शाह ने कहा कि सरकार की मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति और खूफिया एजेंसियों की अचूक सूचना तथा सशस्त्र बलों द्वारा घातक कार्रवाई के कारण यह

संभव हुआ है। आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि बीएसएफ और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में सच्ची शक्ति का प्रदर्शन किया है। श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ दुनिया का सर्वोच्च सीमा सुरक्षा बल है।

000

राष्ट्रीय लोक दल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए देश के सैन्य बलों का अभिनंदन किया है। पार्टी के राष्टीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे सैन्य बलों के मजबूत हौसलों और देश के सक्षम नेतृत्व की वजह से ऑपेरशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने जातिगत जनगणना संबंधी केंद्र सरकार के निर्णय की भी सराहना की। इस मौके पर पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक जोगेंद्र सिंह अवाना ने कहा कि प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर पार्टी का काडर बनाया जायेगा।

000

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में आज कई जिलों में तिरंगा यात्राओं की धूम रही। भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उधर दौसा के महुआ में विधायक राजेन्द्र मीणा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें धर्मगुरूओं, पूर्व सैनिक और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि तथा आमजन ने भाग लिया। यात्रा के दौरान देशभक्तिपूर्ण नारों से सेनाओं के शौर्य और पराक्रम के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। श्रीगंगानगर और भरतपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तिरंगा यात्राओं की धूम रही। जगह–जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

000

जयपुर के कलाकार चन्द्र प्रकाश गुप्ता देश की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों की स्मृतियों को चित्रों के माध्यम से अमर कर रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में श्री गुप्ता ने बताया कि उन्होंने करगिल युद्ध के दौरान इस मुहिम की शुरूआत की थी। अब तक वे **सैंकड़ों** शहीदों के परिजनों को चित्र भेंट कर चुके हैं। चित्रकार गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 26 वर्षों से अपनी कला के माध्यम से शहीदों को चित्रमय श्रद्धाजंलि दे रहे हैं।

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए सहायता योजना के मानदंडों में संशोधन किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद, नया ओलंपिक चक्र शुरू हुआ है, ऐसे में बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर मानदंडों की समीक्षा की गई। वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षा के समर्थन के लिए ये समीक्षा की गई। मंत्रालय ने ट्रेनिंग, बुनियादी ढांचे के विकास, उपकरणों की खरीद और एथलीट कल्याण कार्यक्रमों से जुड़े कार्यक्रमों की बढी हुई लागत को ध्यान में रखा है। संशोधित योजना में क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया गया है। योजना के तहत दी जाने वाली निधि का कम से कम 10 प्रतिशत कोच और तकनीकी कर्मचारियों के लिए आवंटित किया जाएगा। इसमें भारत में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, विदेश में भारतीय कर्मियों के लिए पाठ्यक्रम, कोचिंग के लिए विदेशी और भारतीय विशेषज्ञों की नियुक्ति करना शामिल है। 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक के सालाना बजट वाले खेल महासंघ को अनिवार्य रूप से एक हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर भी नियुक्त करना होगा।

000